संख्या-17/001/156-1-25-27-3005-32-2024

प्रेषक,

चन्द्र भूषण
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष,
सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

सिंचाई एवं जल संसाधन अनुभाग-3 **लखनऊः दिनांकः 24 मार्च, 2025**

विषयः करतल राजवाहा के कि0मी0 0.00 से कि0मी0 7.900 तक सी0सी0 लाइनिंग का कार्य के बुन्देलखण्ड पैकेज में बजट प्राविधान न होने के कारण वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारित मद में धनावंटन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियन्ता (अग्रिम नियोजन), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या-616/मु0अ0(अनि)/अनिमं-6/यू-3/भारित मद/बेतवा, दिनांक 11.11.2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई प्रखण्ड-तृतीय, बॉदा से संबंधित करतल राजवाहा के कि0मी0 0.00 से कि0मी0 7.900 तक सी0सी0 लाइनिंग का कार्य, अनुबंध संख्या-01/एस0ई0/2013-14 मेसर्स जय माँ सिद्धिदात्री, प्रो0 श्री प्रमोद तिवारी, नरौली हैदरगढ़, बाराबंकी, उ0प्र0 में ठेकेदार द्वारा कराये गये कार्य के संबंध में रिट याचिका संख्या-8003/2024 में मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा पारित आदेश दिनांक 17.09.2024 के अनुपालन हेतु धनराशि रूपये 24,61,752.00 (चौबीस लाख, इकसठ हजार, सात सौ बावन रूपये) को प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार भुगतान किये जाने की विधिक बाध्यता है।

अत: सिंचाई प्रखण्ड-तृतीय, बॉदा से संबंधित करतल राजवाहा पर सी0सी0 लाइनिंग के कराये गये कार्य के भुगतान से संबंधित रिट याचिका संख्या-8003/2024 में मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा पारित आदेश दिनांक 17.09.2024 के अनुपालन हेतु धनराशि रूपये 24,61,752.00 (चौबीस लाख, इकसठ हजार, सात सौ बावन रूपये) की वित्तीय स्वीकृति निर्गत किए जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करती हैं।

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त धनराशि का भुगतान किये जाने से पूर्व गणनाचक्र की शुद्धता की जांच प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 द्वारा सुनिश्चित रूप से कर ली जायेगी। गलत/त्रुटिपूर्ण भुगतान हेतु सम्बन्धित अधिकारीगण व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.nic.in

4- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय रूपये 24,61,752.00 (चौबीस लाख, इकसठ हजार, सात सौ बावन रूपये) को चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 094 लेखाशीर्षक-4700-33-051-10-14 सम्बद्ध कार्य मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य (भारित) के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनांक 04 मार्च 2024 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय
चन्द्र भूषण
अनु सचिव

पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

(1) महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
(2) वित्त नियंत्रक, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
(3) मुख्य अभियन्ता (बजट), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
(4) मुख्य अभियन्ता (अग्रिम नियोजन), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
(5) मुख्य अभियन्ता स्तर-1 (दक्षिण), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0, झांसी।
(6) मुख्य अभियन्ता (बेतवा), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0, झांसी।
(7) अनु सचिव(लेखा)/आहरण वितरण अधिकारी, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 शासन।
(8) कोषाधिकारी, बांदा।
(9) अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई कार्य मण्डल, बांदा।
(10) अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई प्रखण्ड-तृतीय, बांदा।
(11) सिंचाई एवं जल संसाधन अनुभाग-9, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 शासन।
(12) वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
(13) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
(14) गार्ड फाईल।

आज्ञा से
चन्द्र भूषण
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।